## महत्वपूर्ण एवं खास

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

**जांजगीर चाम्पा (आरएनएस)।** डभरा थाना अंतरगत ग्राम चुरतेली में 21 वर्षीय युवक ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। दरसअल ग्राम चुरतेली में रहने वाले युवक दीपक कुर्रे ने अज्ञात कारणों के कारण अपने ही घर की पंखे पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सुचना मिलते ही मौके पर पहुंची डभरा पुलिस ने मर्ग कायम कर युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गयी है।

### तेज रफ्तार कार ने सामने से आ रही कार को मारी टक्कर, महिला घायल

**रायपुर (आरएनएस)।** तेज रफ्तार कार ने सामने से आ रही कार को ठोकर मार देने से कार में सवार महिला घायल हो गई। घटना की रिपोर्ट आजाद चौक थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार शांति नगर वार्ड 4 राजनांदगांव निवासी रूपेश कुमार चौबे 30 वर्ष पिता रामधुनी चौबे ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि तीन अक्टूबर को कंकाली पारा चौक के पास प्रार्थी अपनी पत्नी के साथ कार से आ रहा था इसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार कार क्रमांक सीजी 04 एफजे 3756 का चालक ने अनियंत्रित होकर ठोकर मार दिया जिसके चलते कार में सवार प्रार्थी की पत्नी श्रद्धा चौबे को चोट लगा। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने कार चालक के खिलाफ 279, 337 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

### छठ घाट पर प्रसाद लेने के दौरान तीन नग मोबाइल पार, मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** छठ घाट पर प्रसाद लेने के दौरान भीड़भाड़ का फायदा उठाकर तीन नग मोबाइल चोरी किए जाने की रिपोर्ट आमानाके थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार सिटी कुम्हारी दुर्ग निवासी उमेश कुमार सिन्हा 30 वर्ष पिता तुकाराम सिन्हा ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि छठ तालाब टाटीबंध हीरापुर में प्रसाद लेने के नाम से भीड़भाड़ का फायदा उठाकर किसी ने प्रार्थी के जेब से तीन नग मोबाइल फोन ओप्पो, वीवो कंपनी का अनुमानित कीमत 35 हजार रुपये की चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 379 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

### ट्रक की ठोकर से मोटरसाइकिल सवार घायल, मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** तेज रफ्तार ट्रक की ठोकर से मोटरसाइकिल सवार युवक घायल हो गया। घटना की रिपोर्ट आमानाका थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार तरूण बाजार, कृष्णा नगर टिकरापारा निवासी कृष्ण कुमार सेन 31 वर्ष पिता मोतीराम सेन ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि टाटीबंध चौक के पास 3 अक्टूबर को तेज रफ्तार ट्रक क्रमांक एमएच 40 के चालक ने अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल से जाते समय प्रार्थी को टक्कर मार देने से वह घायल हो गया व मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गई है। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

### किशोरी को अकेला पाकर अपचारी बालक ने बेइज्जत करने किया प्रयास, मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** किशोरी को अकेला पाकर अपचारी बालक ने अनाचार का प्रयास किया। घटना की रिपोर्ट राजेंद्र नगर थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार तीन अक्टूबर को न्यू दुर्गा नगर गली नंबर तीन राजेंद्र नगर में 17 वर्ष बालिका को अकेला पाकर अपचारी बालक उम्र 17 वर्ष ने घर में घुसकर बेइज्जत करने की नियत से हाथ बांह पकड़कर अनाचार का प्रयास किया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 354 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

### जुआ खेलते 10 जुआरी गिरफ्तार, नगदी रूपए व ताश की 52 पत्ती जब्त

**रायपुर (आरएनएस)।** सेजबहार व आमानाका क्षेत्र से 10 जुआरी जुआ खेलते पकड़े गए, आरोपियों के पास से पुलिस ने नगदी रूपए व ताश की पत्ती 52 पत्ती जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार सेजबहार थानाक्षेत्र में पुलिस ने अभियान चलाकर छछानपैरी मुजगहन में जुआ खेलते पाए जाने पर राजेन्द्र कुमार साहू 40 वर्ष पिता मोहन लाल साहू एवं अन्य दो जुआरियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 3200 रूपए व ताश की 52 पत्ती जब्त किया है। इसी तरह ईटाभट्टी के पास छछानपैरी पुलिस ने पुनारद गिलहरे 28 वर्ष पिता राम सिंह गिलहरे एवं अन्य दो जुआरियों को जुआ खेलते पाए जाने पर गिरफ्तार कर नगदी 3900 रूपए एवं ताश की 52 पत्ती जब्त किया है। वहीं मौदहापारा पुलिस ने जुआ खेलने की सूचना पर जवाहर नगर साउंड एंड साउंड दुकान के पास से जागेश्वर यादव 38 वर्ष पिता फुलसिंह यादव एवं एक जुआरी को गिरफ्तार कर उनके पास से 1120 रूपए जब्त किया है व आमानाका थाना पुलिस ने टाटीबंध बस्ती में जुआ खेलने की सूचना पर सुखनंदन मनहरे 22 वर्ष पिता दाऊलाल मनहरे एवं अन्य एक जुआरी को गिरफ्तार कर उनके पास से 1262 रूपए एवं ताश की 52 पत्ती जब्त किया है। सभी जुआरियों के खिलाफ जुआ एक्ट की धारा 13 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज किया है।

## बूंद-बूंद जल संचय का संदेश देता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग का मॉडल : जल परीक्षण से जागरूक हो रहे हैं नागरिक



**रायपुर (आरएनएस)।** साईंस कालेज मैदान में आयोजित राज्योत्सव में लोक-स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के स्टॉल पर ''बूंद-बूंद जल की बचत'' मॉडल आकर्षण का केन्द्र है और यह लोगों के लिए सेल्फी जोन बन गया है। इस मॉडल में यह संदेश दिया जा रहा है कि दिन प्रतिदिन पीने योग्य पानी की कमी होती जा रही है, अगर आज हम जल का सदुपयोग नहीं करेंगे तो भविष्य में हमारे आने वाली पीढ़ी के लिए पेयजल उपलब्ध नहीं हो पाएगा।

प्रदर्शनी में नल जल योजना का चलित मॉडल, राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना मिनीमाता अमृत धारा योजना को प्रदर्शित किया गया है। इस योजनांतर्गत ग्रामीण अंचलों में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों के लिए निःशुल्क नल कनेक्शन प्रदाय किया जाना है। नल जल प्रदाय योजना और सतही स्रोत पर आधारित नल जल योजना की जानकारी को आकर्षित रूप में प्रदर्शित है। जिसमें सतही स्रोत के जल को उपचारित कर चयनित ग्रामों में उच्च स्तरीय जलागार के माध्यम से जल प्रदाय किया जाता है।

इसी प्रकार अन्य योजनाएं जैसे कि जल शुद्धिकरण यंत्र आरो प्लांट की स्थापना और मुख्यमंत्री चलित संयंत्र योजना के माध्यम से स्वच्छ सुरक्षित पेयजल प्रदाय की मोबाइल यूनिट, वर्षा जल के संरक्षण एवं जल पुनर्भरण के बारे में भी जनता को जागरूक किया जा रहा है। नल जल योजना का चलित मॉडल स्थापित किया गया है। छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना नरवा, गरवा, घुरूवा और बाड़ी को भी प्रदर्शित किया गया है जिसमें उच्च स्तरीय जलागार के माध्यम से जल प्रदाय दर्शाया गया है।

## महिला की हत्या कर जलाई लाश, आरोपी ने थाने में किया आत्मसमर्पण



**जांजगीर (आरएनएस)।** जिले के नवागढ़ थाना क्षेत्र में रहने वाले एक सिरफिरे युवक ने महिला की हत्या कर शव को पेट्रोल से जला दिया, और इस घटना को अंजाम देने के बाद खुद थाने में आकर सरेंडर कर दिया। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसके खिलाफ कार्रवाई कर रही है।

जांजगीर जिले की नवागढ़ पुलिस उस वक्त हैरान रह गई जब एक युवक ने थाने में सरेंडर कर महिला की हत्या की पूरी बात बताई। आरोपी ने युवक ने बताया, कि महिला की हत्या करने के बाद शव को पेट्रोल डालकर जला दिया। आरोपी युवक की बातों को सुनकर पुलिसवालों ने युवक के बताए हुए पते पर पहुंचकर पुलिस ने शव को बरामद कर लिया। घटना नवागढ़ के वार्ड 2 की है। वहीं, मृतका सुनीता कुशवाहा अंबिकापुर की रहने वाली है। आरोपी ने घटना को क्यों अंजाम दिया, इस बारे में अभी खुलासा नही हो सका है, पुलिस घटना को लेकर अभी जांच कर रही है, जिसके बाद मामले से पर्दा हटेगा।

## दो दिनों के बाद इंद्रावती नदी से मिली युवतियों की लाश



**जगदलपुर/बीजापुर (आरएनएस)।** बीजापुर जिले के भैरमगढ़ के सतवा घाट में दो दिनों पहले नाव पलटने की वजह से हादसा हो गया था। इस हादसे में ग्रामीणों के साथ नाव में बैठी दो युवती नदी में डूब गई थी। जिनके शवों को सोमवार की सुबह बरामद कर लिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को बेलनार और पोनोड़वाया गाँव के 8 ग्रामीण नाव में सवार होकर तुमनार साप्ताहिक बाजार जाने के लिए इंद्रावती नदी पार कर रहे थे। इसी दौरान नाव अनियंत्रित होकर पलट गई। नाव के पलटने की वजह से सभी ग्रामीण नदी में गिर गए। इस हादसे में दो युवतियों को छोड़ बाकी ग्रामीण सुरक्षित नदी के किनारे पहुँच गए। घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासन की टीम लापता युवतियों की पतासाजी में जुट गई। इसी दौरान टीम ने इंद्रावती से दो दिनों के बाद दोनों युवतियों का शव बरामद कर लिया है।

## रेलवे में सघन टिकट चेकिंग अभियान के दौरान लगभग 2,85,130 रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ



**रायपुर (आरएनएस)।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के वाणिज्य विभाग द्वारा समय.समय पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है । जिससे यात्रियों को टिकट लेने के प्रति लगातार जागरूक किया जा रहा हैए साथ ही यात्रियों को जागरूक किया जा रहा है कि वे उचित टिकट लेकर सही कोच में बैठे एवं अपनी सुखद यात्रा करें ।

टिकट चेकिंग अभियान में दिनांक 03 नवम्बर 2019 को चलाया गया जिसमें बिना टिकट यात्रा करने वाले लगभग 150 मामलों से 1ए07ए865 रूपये राजस्व प्राप्त हुआए वही अनियमित टिकट के 321 मामलों से 1ए45ए515 रूपये का राजस्व प्राप्त हुआए अन बुकड़ लगेज के 309 मामलों से 31ए500 रूपये राजस्व प्राप्त हुआ एवं वही श्रेणी उन्नयन के 01 मामलों से 150 रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ एवं रेलवे परिसर में गंदगी फैलाने वालों 01 मामलों से 100 रूपये का राजस्व प्राप्त हुआए कुल 782 मामलों से रायपुर रेल मंडल के वाणिज्य विभाग द्वारा 2ए85ए130 रूपये का राजस्व प्राप्त किया गया एइस टिकट चेकिंग अभियान में मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री डॉण् विपीन वैष्णव के नेतृत्व में 24 टीटीईए 02 मुख्य वाणिज्य निरीक्षकएरेलवे सुरक्षा बल 1 द्वारा 06 लोकल एवं लगभग 24 एक्सप्रेस ट्रेनों में जांच की गई ।

यात्रियों से अनुरोध है कि वह उचित टिकट लेकर यात्रा करें आगे भी यह अभियान लगातार जारी रहेंगे।

## पानी टँकी निर्माण में लापरवाही ने ली मासूम की जान, सड़क पर शव रखकर प्रदर्शन

**बिलासपुर (आरएनएस)।** निगम प्रशासन की लापरवाही के चलते बच्चे की मौत हो गई, जिससे आक्रोशित परिजनों ने अरपा नदी में बने पुराना पुल में चक्काजाम कर दिया है। घटना मेलापारा चांटीडीह की है।

जानकारी के मुताबिक चांटीडीह मेलापारा में पानी टंकी का निर्माण किया जा रहा है, जिसके लिए बड़ा गड्ढा खोदा गया है, जिसमें पानी जमा हुआ था। सोमवार की सुबह करीब 10 बजे चांटीडीह में रहने वाला 9वर्षीय अनुराग साहू गड्ढे में गिर पड़ा, और उसकी मौत हो गया। अनुराग साहू चांटीडीह रामायण चौक स्थित द्वारका मंदिर का छात्र था।

पानी टंकी निर्माण में लापरवाही से क्षेत्र के लोग नाराज थे, इस घटना ने उनके सब्र का बांध तोड़ दिया।

अनुराग साहू के पिता महेश साहू के साथ चांटीडीह के निवासी बच्चे का शव लेकर पुराना अरपा पुल के पास चक्काजाम कर रहे हैं, जिन्होंने नगर निगम और जिला प्रशासन पर इस मौत का ठीकरा फोड़ते हुए तुरंत लापरवाह अधिकारियों, कर्मचारियों और ठेकेदार पर कार्यवाही के साथ मेलापारा में बन रहे पानी टंकी निर्माण के कार्य में एहतियात बरतने की मांग की है। साथ ही परिजन मुआवजे की भी मांग कर रहे हैं। मौके पर पुलिस पहुंच चुकी है और चक्का जाम करने वालों को समझाइश दी जा रही है, लेकिन चक्का जाम करने वाले लोग नगर निगम के किसी जिम्मेदार व्यक्ति से बात करने की जिद पर अड़े हुए हैं।

## रोड एक्सीडेंट के दौरान कार को किया आग के हवाले, मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** मोटर साइकिल से एक्सीडेंट के बाद कार चालक घटनास्थल पर वाहन छोड़कर फरार हो गया। जब वापस आया तो कार को किसी ने आग लगा दिया था। घटना की रिपोर्ट खरोरा थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार इंदिरा कालोनी मंदिर हसौद निवासी नोहर रात्रे 28 वर्ष पिता स्व. गणेश रात्रे ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि खरोरा मुक्तिधाम के पास कार से मोटर सायकिल सवार का एक्सीडेंट हो जाने पर प्रार्थी कार छोड़कर फरार हो गया था जब वापस आया तो किसी अज्ञात व्यक्ति ने कार में आग लगा दी थी। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 435 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

## आरक्षक ने किया युवती से छेड़छाड़, अपराध दर्ज

**कोरबा (आरएनएस)।** कुसमुंडा थाना में पदस्थ एक आरक्षक ने पासपोर्ट वेरिफिकेशन के नाम पर सेवा शुल्क लेने की बात कहते हुए एक युवती से छेड़छाड़ करते हुए उससे अश्लील शब्दों का प्रयोग किया। युवती की शिकायत पर पुलिस ने आरक्षक के खिलाफ छेड़छाड़ व एसटी-एससी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

कुसमुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत रहने वाली एक युवती ने पासपोर्ट बनवाने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था। आवेदन के आधार पर युवती का पासपोर्ट वेरिफि केशन के लिए थाना में पासपोर्ट का कामकाज देखने वाले आरक्षक ने युवती को फोन कर पासपोर्ट वेरिफि केशन कराने के लिए कहा था। जब युवती पासपोर्ट का वेरिफि केशन कराने पहुंची तो आरक्षक ने उसके परफ्यूम की तारीफ कर सेवा शुल्क लगने की बात कही थी। इसी दौरान सेवा शुल्क के नाम पर आरक्षक ने युवती को फ ोन लगाकर अश्लील शब्दों का प्रयोग करते हुए उसके साथ छेड़छाड़ की घटना को अंजाम दिया। युवती की लिखित शिकायत पर कुसमुंडा पुलिस ने आरक्षक के खिलाफ धारा 354 एसटी-एससी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## लोगों को लुभा रहा है नरवा, गरवा, घुरवा और बारी का एकीकृत मॉडल

**राज्योत्सव में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के स्टॉल में रोज उमड़ रही है भारी भीड़, दूसरे सर्वश्रेष्ठ स्टॉल का मिला पुरस्कार**



**रायपुर (आरएनएस)।** राज्योत्सव स्थल साइंस कॉलेज मैदान में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के स्टॉल में रोज भारी भीड़ उमड़ रही है। यहां छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना नरवा, गरवा, घुरवा और बारी के एकीकृत मॉडल को आकर्षक ढंग से दिखाया गया है। विभाग के स्टॉल में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के अंतर्गत काम कर रहीं स्वसहायता समूह की महिलाएं गोबर के दीये, धूपबत्ती और गमला बनाते हुए भी देखी जा सकती हैं। 'बिहान' के स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा बनाए गए गोबर के दीयों की मांग इस साल दीवाली में छत्तीसगढ़ से लेकर दिल्ली तक थी। इस बार दीवाली में अनेक लोगों के घर इन महिलाओं के बनाए गोबर के दीयों से रोशन हुए थे।

स्टॉल में महिला स्वसहायता समूहों द्वारा बनाए गए उत्पादों की बिक्री भी की जा रही हैं। महिलाएं यहां गोबर के दिए, धूपबत्ती, लक्ष्मी और गणेश की मूर्तियां, सजावट के समान, साबुन तथा नीम से निर्मित फिनाइल बेच रही हैं। राज्योत्सव में बड़ी संख्या में लोग इन समानों की खरीदी कर रहे हैं। राज्य शासन के अनेक विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों के बीच पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के इस स्टॉल को नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के साथ संयुक्त रूप से राज्योत्सव के दूसरे सर्वश्रेष्ठ स्टॉल का पुरस्कार मिला है।

स्टॉल में नरवा, गरवा, घुरवा और बारी के मॉडल के जरिए इस योजना के बारे में विस्तार से बताया गया है। गौठान की विभिन्न व्यवस्थाओं चरवाहों के विश्राम कक्ष, पशुओं के बैठने के शेड, उनको चारा खिलाने और पानी पिलाने की व्यवस्था, पैरावट, उपचार के लिए ट्रेविस तथा गोबर से वर्मी कंपोस्ट निर्माण को यहां आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया गया है।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
**Social Justice Union**
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता** — इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तयामत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कृष्ण सी.पी.वर्मा, श्रीमती ऐश्वर्या श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठकुर्रे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां** — मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियां की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु** — प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

**पीड़ित संपर्क करें** — संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक क्षेत्रों के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU